भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1592**
**31 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए**

# सेलम इस्पात संयंत्र हेतु अधिग्रहीत भूमि

1592. **डॉ अंबुमणि रामादॉसः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सेलम इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहीत विशाल क्षेत्रफल की भूमि का एक बड़ा भाग अभी भी अनुपयोगी पड़ा हुआ है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी अनुपयोगी भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है;

(ग) क्या सरकार ऐसी भूमि का उपयोग, औद्योगिक विस्तार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्लस्टरों, कौशल विकास संस्थानों अथवा कृषि-आधारित उद्योगों की स्थापना हेतु करने का विचार रखती है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)/सेलम इस्पात संयंत्र के पास कुल 3,973.08 एकड़ भूमि है। इस भूमि का उपयोग मौजूदा संयंत्र और उससे संबंधित सुविधाओं के लिए किया जा रहा है, और रिक्त भूमि को सेलम इस्पात संयंत्र के विस्तार हेतु आरक्षित रखा गया है।

*****